महानगर वर्ष 56 | अंक 84 | पृष्ठ : 22 | मूल्य : सात रुपये
बरेली | बृहस्पतिवार, 11 अप्रैल 2024 चैत्र शुक्ल-तृतीया • विक्रम संवत-2081
अमर उजाला
6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण
चैत्र नवरात्र...मां चंद्रघंटा ...पेज 2

PAGE NO 07 : TOP

पुलिस मॉडर्न स्कूल और राधा माधव की टीमों ने जीते मैच

शेखर राठौर और नीलेश को चुना गया मैन ऑफ द मैच

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को किया सम्मानित। स्रोत : संस्था

बरेली। एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से आयोजित श्री राममूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को दो मुकाबले हुए। इसमें पुलिस मॉडर्न स्कूल और राधा माधव पब्लिक स्कूल की टीमें विजेता रहीं।

19 रन बनाने व दो विकेट लेने वाले पुलिस मॉडर्न स्कूल के कप्तान शेखर राठौर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में राधा माधव टीम की ओर से 18 रन बनाने के साथ ही छह विकेट लेने वाले नीलेश को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी परिसर स्थित स्टेडियम में खेले गए पहले मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पुलिस मॉडर्न स्कूल की टीम ने 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 157 रन बनाए।

हार्टमैन कॉलेज की टीम 16.1 ओवर में 103 रनों पर ढेर हो गई। दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए राधा माधव की टीम 144 रनों पर ऑल आउट हो गई। जवाब में सेक्रेड हार्ट्स की टीम 11.5 ओवर में 83 रनों पर ही ढेर हो गई। संवाद